दिनांकः 07.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने के कैबिनेट के फैसले की प्रशंसा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्कूली शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार का यह बड़ा फैसला है। गौरतलब है कि इनमें राजस्थान के भी नौ नए केन्द्रीय विद्यालय शामिल हैं। ये विद्यालय एसएफएस फलौदी, बीएसएफ सतराना, बीएसएफ श्रीकरणपुर, हिंडौनसिटी, मेड़तासिटी, राजसमंद, राजगढ़, भीम और महुआ में खोले जाएंगे।

...........................

देशभर में आज से तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए सौ दिन के अभियान की शुरूआत हो रही है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हरियाणा के पंचकुला से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। ये अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापरक इलाज को सुलभ बनाना, कमजोर समूहों के बीच लक्षित जांच, अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और पोषण सहायता देना है। इधर, जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रखा गया है।

...........................

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन की जोधपुर यात्रा पर रहेंगे। वे आज रात अहमदाबाद से जोधपुर पहुंचेंगे। श्री शाह कल सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में रेजिंग डे परेड में भाग लेंगे। गृहमंत्री सर्किट हाउस में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। श्री शाह के दौरे को लेकर विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं।

...........................

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। बाड़मेर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। जालौर में एनसीसी कैडेट्स की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। जयपुर में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से "विंटेज जीप रैली' निकाली गई। ये रैली अल्बर्ट हॉल से रवाना हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जनपथ पहुंची, जहां अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित किये गये।

...........................

पाली जिले की दुजाना ग्राम पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बालिका शौचालय का नवीनीकरण कर इसे पिंक टॉयलेट में बदला गया है। इस विद्यालय का चयन बालिकाओं के सबसे ज्यादा नामांकन वाले स्कूल के रूप में किया गया है। इस पिंक टॉयलेट को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया गया है। इसमें रोशनी और हवा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।
इसके साथ ही नियमित पानी की आपूर्ति, सैनेटरी पैड और इनसिनेरेटर साबुन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। शौचालय को विशिष्ट पहचान देने के लिए इस पर गुलाबी रंग किया गया है।

...........................

राजसमंद के चारभुजा में भगत तलाई के पास एक ट्रक के बेकाबू होकर खाई में गिरने से तीन श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कल देर रात हुए इस हादसे में तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को केलवाड़ा के हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। गेहूं के कट्टों से भरा हुआ ये ट्रक चारभुजा से केलवाड़ा की ओर जा रहा था।

...........................

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे कम 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में दर्ज किया गया। चूरू में 5 दशमलव 6 डिग्री, हनुमानगढ़ के संगरिया में 5 दशमलव 7, पिलानी में 6

दशमलव 3, अलवर में 6 दशमलव 6, जालौर में 7 दशमलव 9, श्रीगंगानगर में 8, भीलवाडा में 8 दशमलव 6, चित्तौड़गढ़ में 8 दशमलव 7 और राजधानी जयपुर में 9 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

..........................

सुशासन सप्ताह के तहत आगामी 19 दिसम्बर से देशभर में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान शुरू किया जाएगा। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत देश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसमें 700 से अधिक जिला कलेक्टर भाग लेंगे। केन्द्र सरकार जनता की शिकायतों को दूर करने और बेतहर सेवा देने के लिए तीसरी बार ये अभियान चलाएगी।

..........................